हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 दिसंबर 2023

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा



04 राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए खिलाड़ियों ...



08 शास. महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ...




### आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने निकाली जा रही संकल्प यात्रा

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हितग्राहियों से कर रहे सीधा संवाद








कचनारिया और पिपलिया सेंत पहुंची संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

केंद्र की भाजपा सरकार ने सभी के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं बनाकर संचालित की जा रही हैं, जिसका लाभ सभी को मिल रहा है। केंद्र सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

वहीं यात्रा के माध्यम से पूर्व हितग्राहियों से सीधा संवाद किया जा रहा है। रविवार को विकासखंड की ग्राम पंचायत कचनारिया एवं पीपलिया सेंत पहुंची। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाजपा नेताओं द्वारा हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों के समक्ष यहां बात कही। विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ कचनारिया एवं पिपलिया सेंत पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया।

यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर शासन की योजनाओं से संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए पंजीयन किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ई-गवर्नेंस कार्यालय द्वारा आधार अपडेशन कैम्प लगाकर आधार अपडेट किए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को सम्बोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान किया गया।

भाजपा नेताओं ने कहा किविकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से वंचितों और गरीबों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारा संकल्प है, भारत विकसित भारत बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, विकास और जनकल्याण की गारंटी है। संकल्प यात्रा के दौरान जहां जन-जागरुकता की गतिविधियां संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, मंडल महामंत्री रितेश सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पार्षद गोवर्धन वेदिया, मुकेश लोढ़ा, जनपद पंचायत नलखेड़ा के सीईओ राधाकृष्ण वाकतरिया, पीपलिया सेत के सरपंच दिलीप सिंह अंसल, कचनारिया के सरपंच विक्रमसिंह गुर्जर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। जिनके हाथों पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

## नगर में काटी जा रही अवैध कॉलोनियां मूलभूत सुविधाओं का रहता है अभाव

### कॉलोनाइजर भोले-भाले लोगों को लुभाकर बेच रहे प्लॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



व्यक्ति को अपने जीवन में एक अभिलाषा रहती है कि उसका एक सपनों सा आशियाना हो और इस आशियाने के लिए वह जीवनभर की कमाई भी लगा देता है। लेकिन जब उसे ज्ञात होता है कि उसके जीवनभर की कमाई किसी अवैध कॉलोनी में अपना आशियाना बनाने में लगा दी है तो वह शेष जीवन पछतावे में ही काट देता है।

यह हकीकत कस्बाई क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में तब्दील हो रहे नलखेड़ा नगर एवं आसपास लगी ग्राम पंचायतों की है। जहां अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। जिसमें कॉलोनाइजर भोले भाले लोगों को लुभाकर प्लॉट बेच रहे हैं। इन अवैध कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर सड़क, बिजली, पानी, ड्रेनेज लाइन जैसी कोई सुविधा नहीं रहती है। प्लॉट लेकर मकान बनाने के बाद लोगों को समझ मे आता है कि यहां तो हर सुविधा के लिए मोहताज है। ऐसे में संबंधित अपने जीवनभर की कमाई पूंजी लगाकर स्वयं को ठगा महसूस करते हैं। शासन द्वारा कॉलोनी के लिए कई नियम बनाए गए हैं। इसके लिए जहां टीएनसी करवाना पड़ती है वहीं रेरा में पंजीयन अनिवार्य होता है। इनके बाद कॉलोनाइजर को सड़क, बिजली, पानी, ड्रेनेज लाइन के साथ ही कॉलोनी में सार्वजनिक पार्क, मंदिर जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाना पड़ती है। इसके साथ ही कालोनी विकास के लिए स्थानीय निकाय में विकास शुल्क जमा करने के साथ ही अनुमति प्राप्त करना होती है। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर नगर एवं नगर से लगी ग्राम पंचायत क्षेत्रों में भूमाफिया अवैध रूप से कॉलोनियां काटने का अवैधधंधा कर चांदी काट रहे हैं। इन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आजतक प्रशासन द्वारा कोई पुख्ता कार्यवाही नहीं करने से भूमाफियाओं के हौंसले बुलंदियों पर हैं। आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि जिन जिम्मेदारों को इनके खिलाफ कार्यवाही करने के अधिकार हैं उनके कार्यालयों के आसपास भी इस प्रकार की अवैध कॉलोनियां हैं बावजूद कार्यवाही नही होना कई प्रकार के प्रश्न खड़े कर रहा है। प्रशासन को सरकार के नियमों व कानून का पालन करवाते हुए इन अवैध कएॅलोनियों पर कार्यवाही की जाना चाहिए, ताकि गरीब अपने सपनों को पूर्ण करने के चक्कर में अपने जीवन भर की कमाई से हाथ ने धो सके।



## शीतलहर से बचाने दास हनुमान का किया रंग बिरंगी रुई से आकर्षक श्रृंगार

**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर शीतलहर से बचाने के लिए हनुमान जी का रंग बिरंगी गर्म रुई से आकर्षक श्रृंगार किया गया। वर्तमान में चल रही शीतलहर में श्री दास हनुमान जी का चोला चढ़ाकर पंडित बजरंग नागर ने गर्म रुई से आकर्षक श्रृंगार किया। श्रृंगार के बाद हनुमान जी की महाआरती की गई।

## संकल्प यात्रा : पंचायतों में शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को हितलाभ कर रहे वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

विकसित भारत संकल्प यात्रा गत दिवस जिले की 7 ग्राम पंचायतों में पहुंची, जहां शिविर आयोजित कर केंद्र शासन की योजना पर आधारित जन-जागरूकता, हितलाभ वितरण एवं आधार अपडेशन, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए पंजीयन आदि गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया। संकल्प यात्रा के प्रचार रथ ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा अंतर्गत कार्यक्रम स्थल पर शासन की योजनाओं से संबंधित विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु पंजीयन किए गए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रमों को संबोधित कर शासन की योजनाओं की जानकारी देकर पात्रतानुसार लाभ लेने का आव्हान किया। शिविर में 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया तथा अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना, मृदा हेल्थ कार्ड, कृषि यंत्र आदि का वितरण किया गया।

**ग्राम पंचायत नरवल में आयोजित हुआ कार्यक्रम:** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत नरवल में आयोजित शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, पूर्व विधायक रामलाल मालवीय, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा,जनप्रतिनिधि भैरूसिंह चौहान, प्रेम यादव, ग्राम पंचायत सरपंच आदि उपस्थित रहे। जिन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उज्वला योजना सहित अन्य योजनाओं में मंच से हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का संकल्प भी सभी को दिलाया गया।

**इन ग्राम पंचायतों का किया भ्रमण:** विकसित भारत संकल्प यात्रा ने विकासखंड आगर की ग्राम पंचायत नरवल के अतिरिक्त निपानिया बैजनाथ, विकासखंड बड़ौद की ग्राम पंचायत भीमाखेड़ी वं खेड़ानरेला, विकासखंड नलखेड़ा की ग्राम पंचायत भंडावद, विकासखंड सुसनेर की ग्राम पंचायत दीवानखेड़ी एवं रावली का भ्रमण किया।

### हायर सेकंडरी स्कूल में सुशासन दिवस मनाकर शपथ दिलाई



**आगर मालवा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनोडिया में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सुशासन दिवस मनाया। इस अवसर पर प्राचार्य ब्रजराज सिंह राठौड़ द्वारा सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को विद्यार्थियों को बताते हुए कहा कि हमें सदैव अग्रसर रहने हेतु इन उच्चतम मापदंडों को अनुकरण करना चाहिए हमें जीवन में उन्नति करने के लिए इन मापदंडों को अपनाना होगा। सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यालय प्राचार्य द्वारा कहा गया कि जीवन की ऊंचाइयों को छूने की प्रथम सीढ़ी जीवन के उच्चतम मापदंड है हम सभी इस शपथ को अपने जीवन में अपना कर भविष्य में समाज में अपना उच्चतम स्थान प्राप्त कर सकते हैं सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को शिक्षक बृजमोहन चौबे द्वारा सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर शिक्षक मानसिंह परिहार, ईश्वर सिंह, संजय चौहान, नगुलाल मालवीय, राजेंद्र रक्षा, नीलू राठौर, जितेंद्र तिवारी सहिति समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## उपभोक्ता के अधिकारों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



जिला खाद्य आपूर्ति विभाग एवं अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के तत्वाधान में 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आम उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियो द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण परिहार थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी द्वारा की गई विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर,पार्षद विजयलक्ष्मी माली,जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी जीएल बोरसिया मंचासीन थे।

आम उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों में किस प्रकार मिलावट होती है तथा उनकी हम घर पर ही किस प्रकार से जांच कर सकते हैं उसके बारे में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के एल कुंभकार द्वारा जानकारी दी गई तथा वर्तमान समय में ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ हाट बाजार में किस प्रकार नापतोल संबंधी गड़बड़ी होती है उसके बारे में नापतोल निरीछीका दीपशिखा नागले द्वारा जानकारी दी गई, ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बैंकिंग से होने वाली समस्याओं के बारे मे जानकारी बैंक ऑफ इंडिया के जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा दी गई। साथ ही सहायक जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नापतोल विभाग, एलपीजी गैस, पेट्रोलियम, मिलावटी खाद्य पदार्थ की जांच किस प्रकार की जाना है कि प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, संगठन के जिला विधि सलाहकार एडवोकेट हरिनारायण राठौर द्वारा भी संगठन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों एवं नवीन उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन संगठन के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा ने किया, कार्यक्रम में ग्रामीण उपभोक्ताओं सहित संगठन के पदाधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा, दीपेश उपाध्याय, ग्राम चंदनगांव के सरपंच चंद्रभान सिंह तोमर, एडवोकेट योगेश शर्मा, आकाश बिजापारी, यश बैरागी, सहित पत्रकार गण सहित वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

### वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



**आगर मालवा।** बच्चों की खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को सिद्धार्थ कॉन्वेंट हाई स्कूल मैं गेम्स एंड स्पोर्ट्स, वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उक्त आयोजन में स्कूल के मिनी जूनियर एवं सीनियर वर्ग के समस्त छात्र/छात्राओं द्वारा भाग लिया गया इस खेल प्रतियोगिता में नींबू रेस, फ्रॉग रेस, स्लो साइकिल रेस, सर्किल रेस, 100 मीटर, 200 मीटर एवं 300 मीटर रेस, फुटबॉल , कबड्डी , लॉन्ग जंप, हाई जंप, आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ग में से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को चयनित किया गया। खेल प्रतियोगिता को स्कूल स्पोर्ट्स कोच, कपिल सिलोरिया एवं अन्य सहयोगी टीचर्स द्वारा संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक आनंद बौद्ध एवं समस्त स्कूल टीचर्स उपस्थित उपस्थित रहे। जानकारी प्राचार्य रामचंद्र महलका ने दी।

### किसान दिवस पर ग्राम पंचायत में हुआ विशेष ग्राम सभा का आयोजन

## किसानों को जैविक कृषि के बारे में दी जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि योजना की 16वीं किश्त के लिए आधार/बैंक खाता लिंक, ईकेवाईसी एवं लैंड लिंक की कार्यवाही एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को योजना में सम्मिलित करने 15 जनवरी 2024 तक विशेष अभियान संचालित है। अभियान अन्तर्गत गत दिवस किसान दिवस के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। आयोजित ग्राम सभा में हल्का पटवारी एवं पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारी ने उपस्थित रहकर ग्राम सभा में लाभान्वित हितग्राही की सूची का वाचन किया। पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उनकी जानकारी पीएम किसान पोर्टल पर नियत प्रक्रिया अनुसार अद्यतन करने की कार्यवाही की गई। जिन ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा का आयोजन नहीं किया गया वह सुशासन दिवस 25 दिसंबर को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।

### किसान दिवस पर किसानों को दी उपयोगी जानकारी

किसान दिवस का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, परिसर में किया गया। जिसके अंतर्गत प्राकृतिक खेती जागरूकता कार्यक्रम एवं किसान मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन से किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ आरपीएस शक्तावत ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संक्षिप्त परिचय के साथ फसलों में पोषण प्रबंधन की उपयोगिता, महत्व की जानकारी दी एवं देशी व जैविक खादों के साथ रासायनिक उर्वरकों के सामंजस्य स्थापित कर संतुलित व समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन पर जोर दिया एवं रबी फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन एवं जैविक कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राकृतिक खेती की प्रांसगिकता एवं महत्व के संबंध में जीवामृत, बीजामृत, अग्निस्त्र, ब्रह्मास्त्र, आच्छादन, वासपा, फसल विविधिकरण एवं फसल चक्र के बारे में जानकारी दी। कृषकों से प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की। केन्द्र पर ड्रैगन फ्रूट, क्रॉप कैफेटेरिया, केंचुआ खाद, नाडेप, प्राकृतिक खेती की इकाई का भ्रमण कराया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद डॉ. आरपीएस शक्तावत ने किया।

## विधायक गहलोत का प्रथम नगर आगमन कार्यकर्ताओं ने निकाली आभार रैली

### विधायक गहलोत का साफा बांध कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



नगर में क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत को विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद पहली बार नगर आगमन पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने आभार रैली निकाली। आभार रैली ढोल धमाके के साथ उत्साह पूर्वक आगर रोड़ बैंक ऑफ़ इंडिया से शुरू हुई जो पुराने बस स्टैंड, झंडा चौक, पीपल चौक, बजरंग मोहल्ला होते हुए पचलाना रोड, होते हुए नवीन बस स्टैंड पहुंची जहां आभार रैली का समापन हुआ। मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र दरबार ने अपने निवास पर विधायक गहलोत का साफा बांध कर स्वागत किया। रैली में सांसद प्रतिनिधी बाबूलाल बीजापारी, सिद्धनाथ चौधरी, मनीष शर्मा, दिनेश बरैठा, यश बैरागी आदि द्वारा विधायक का स्वागत किया गया । नव निर्वाचित विधायक गहलोत का नगर में जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ता और नगर वासियों द्वारा स्वागत द्वार बनाकर विधायक गहलोत को सरोफा बांध कर और हार पहना कर स्वगात किया।

पूर्व नप अध्यक्ष सिद्धनाथ चौधरी, कैलाश परिहार ने अपने निज निवास पर विधायक का स्वागत किया। स्वामी दयानन्द मार्ग पर योगेश शर्मा, मनीष शर्मा ने स्वागत किया। बजरंग मोहल्ला में वार्ड पार्षद विजयलक्ष्मी माली ने सरोफा बांध कर स्वागत किया।पचलाना रोड पर दिनेश बरेठा और बरेठा परिवार द्वारा स्वगत किया गया। आभार रैली में महिला मोर्चा जिला महामंत्री कविता शर्मा, तरुलता राठौर, मधुबाला परिहार ने भी विधायक का स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र दरबार,सुंदर यादव, दिनेश अंकल, बने सिंह चौहान, राजेश आर्य सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता और नगरवासी मौजूद थे।

खबर संक्षेप


## मां ही संसार की जननी पूरा ब्रह्मांड भी उनकी ही रचनाः पं. महेश गुरूजी



**देवास।** सात दिवसीय देवी भागवत कथा का का आयोजन दर्जी समाज धर्मशाला मोती बंगला में चल रहा है। कथा के द्वितीय दिवस पं. महेश गुरू जी ने देवी के नो रूपो का वर्णन करते हुवे उनके अलग-अलग रूपो की व्याख्या कर प्रथम रूप शैल पुत्री के बारे में देवी भक्तो को अवगत कराते हुए कहा कि सम्पूर्ण जगत मातेश्वरी की रचना है। जिसका पहला स्वरूप मां शैलपुत्री के रूप में है। माता शैलपुत्री पूर्व जन्म में प्रजापति दक्षराज की कन्या थीं और उनका नाम सती था। एक बार दक्षराज ने यज्ञ मे शिवजी को न बुलाकर उनका अपमान किया जिससे क्रोधित होकर सती ने उसी यज्ञ वेदी में आत्मदाह कर लिया। अगले जन्म में देवी सती ने शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया और शैलपुत्री के नाम से जानी गयीं। पार्वती उनका ही उपनाम है। मां ही संसार की जननी है, पूरा ब्रह्माण्ड भी उनकी ही रचना है। कथा के दौरान सुमधुर मातारानी के भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिस पर भक्तजन झूम उठे। श्रद्धालुओं ने माताजी के जमकर जयकारे भी लगाए। उक्त पं. राजेन्द्र चौधरी (जय शिव) ने दी। कथा 29 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक चलेगी।

## अ.भा ब्राह्मण महासंघ आज मनाएगा जन्मजयंती





**देवास।** अखिल भारतीय ब्राह्मण युवा संघ अध्यक्ष पंडित आदित्य दुबे एवं विमल शर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ देवास महासंघ अध्यक्ष पंडित दिनेश मिश्रा की अध्यक्षता में महामना पं. मदनमोहन मालवीय एवं पूर्व प्रधानमंत्री पं. अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को मनाई जाएगी। सुबह 09 बजे सिविल लाइन रोड स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के समीप प्रतिमा स्थल पर महामना पंडित मालवीय की प्रतिमा व बालगढ़ रोड स्तिथ अटलजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला जाएगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के समस्त पदाधिकारी गण एव समस्त उप वर्गो के अध्यक्ष एवम्‌ समस्त ब्राह्मण बन्दुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर ब्राह्मण एकता का परिचय दे। उक्त जानकारी पं. कपिल व्यास ने दी।

### पर्चों में लिखाः शहर में संचालित हो रही अवैध गतिविधियां बंद हों

# जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों से परेशान ग्रामीणों ने दीवारों पर लगाए पर्चे

### ग्राम पुंजापुरा में संचालित हो रही अवैध गतिविधियों से परेशान होकर उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

बागली पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पुंजापुरा में अवैध रूप से सट्टे का कारोबार चरम पर है। जिम्मेदार प्रशासन की सांठगांठ के चलते यहां पर अवैध रूप से सट्टे का व्यापार चलाया जा रहा है। जिससे परेशान होकर ग्राम पुंजापुरा में कई दीवारों पर अवैध सट्टा के व्यापार को लेकर पर्चे चिपकाए गए हैं। रविवार को पर्चे वाला मामला सोशल मीडिया पर भी चर्चा में रहा। हर चौराहे पर इसकी चर्चाएं सुनने को मिली। जिसमें निवेदक ग्राम पुंजापुरा की आम जनता को बताया गया है। हालांकि यह पर्चे किसके द्वारा चिपकाए गए हैं यह किसी को पता नहीं है। पर्चे में लिखी गई बातों से यह स्पष्ट होता है की पुंजापुरा में अवैध कारोबार की गतिविधियां तेजी से संचालित हो रही हैं। उसी से परेशान होकर इस प्रकार से यह पर्चे लगाए गए हैं।

पर्चे में यहां तक लिखा गया है कि प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की सांठगांठ के चलते पुंजापुरा अवैध गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। हालांकि इस पर्चे के आधार पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है यह तो समय पर ही पता चलेगा। लगाए गए पर्चे कई प्रश्न खड़े करते दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि इसमें सीधा पुलिस प्रशासन को घेरा जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें जनप्रतिनिधियों का भी उल्लेख किया गया है। अवैध गतिविधियों में जनप्रतिनिधियों पर भी प्रश्न खड़े हो रहे है। इस पर्चे में बताया गया है कि इस अवैध गतिविधियों से महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है,यदि यहां पर अवैध गतिविधियां बंद होती हैं तो महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।




### चिपकाए गए पर्चों में लिखा, प्रशासन व जनप्रतिनिधि ध्यान दें

ग्राम पंचायत पुंजापुरा में जुआ सट्टा, अवैध गतिविधियां बंद हों। पुलिस व नेताओं के संरक्षण में जुआ, सट्टा अवैध गतिविधियां बंद हो। गांव के जनसामान्य व महिलाओं को इन गोरख धंधो से आजादी मिले। पुंजापुरा ग्राम पंचायत अवैध कारोबार का अड्डा बन गया। इसे आजाद करो प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से यह मांग आम जनता व विशेष कर महिलाओं ने की। अगर प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा तो जनता सड़क पर उतरने पर मजबूर होगी। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**जानकारी मिली है**

मीडिया के माध्यम से मुझे इस मामले की जानकारी मिली है, इस मामले में कार्रवाई की जाएगी, यदि इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित हो रही हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। और यदि किसी ने पुलिस प्रशासन की छवि को धुमिल करने के लिए गलत तरीके से इस प्रकार के पर्चे लगाए हैं, तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

**सृष्टि भार्गव,** एसडीओपी बागली

# बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

### हादसे में दोनों की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार रात दो युवक बाइक पर सवार होकर उज्जैन महांकाल मंदिर के दर्शन कर देवास की और आ रहे थे। ग्राम बैरागढ़ ब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। युवकों को जिला चिकित्सालय उपचार के लिए लाया गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह दोनों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिए गए।

मामले को लेकर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात को उज्जैन रोड़ से ग्राम बांगर टोल नाके से बैरागढ़ ब्रिज के पास न्यू शिप्रा बायपास के समीप बाइक क्रमांक एमपी 09 जेडवाय 0209 से दो युवक जिनमें कुलदीप पिता भारत सिंह पंवार उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पुवाल्ड़ा तहसील सांवेर उसका दोस्त प्रदीप पिता किशोर सोनी निवासी खरगोन की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। दोनों को गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां दोनों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह दोनों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले को लेकर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है।

### महाकाल गए थे

मृतक के परिजन राजेंद्र सिंह पवार ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुलदीप रविवार सुबह उसके दोस्त प्रदीप सोनी के साथ बाइक से उज्जैन महाकाल मंदिर दर्शन के लिए गए थे। रात को मोबाइल पर पुलिस से सूचना मिली कि मेरे भाई कुलदीप व उसके दोस्त प्रदीप का एक्सीडेंट हो गया है। उन्हें एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय लेकर गए। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि कुलदीप की शादी हो चुकी थी उसके दो बच्चे हैं उसका दोस्त प्रदीप भी उसके साथ ही किसी कंपनी में काम करता था।

**सड़क हादसे में व्यक्ति की मौतः** देवास। ड्यूटी पर जाने के दौरान व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत का मामला सामने आया है। गौरतलब है कि हादसा रविवार सुबह औद्योगिक क्षेत्र स्थित सोया कंपनी के सामने का है। जानकारी के मुताबिक जितेंद्र सिंह रविवार को अपनी बाइक से औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी में ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी अज्ञात वाहन ने औद्योगिक क्षेत्र स्थित कंपनी के सामने टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी उनके छोटे भाई इंदर सिंह को लगी। जिसके बाद उन्होंने पुलिस की सहायता से जितेंद्र सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जितेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया।

# जिले के आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के विरुद्ध की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आबकारी विभाग ने आबकारी वृत्त बागली अ में 23 दिसंबर को रात्रि के समय मुखबिर सूचना के आधार पर मनोरा पहाड़ी के पास आगुर्ली मार्ग पर मोटर साइकिल रोककर विधिवत तलाशी लेने पर 05 पेटी देशी मदिरा प्लेन एवं 02 पेटी विदेशी मदिरा बीयर केन कुल मात्रा 69 बल्क लीटर बरामद हुई,जो आरोपी रोहित पिता संतोष जायसवाल निवासी आगुरली तहसील बागली एवं भारत पिता मांगीलाल कर्मा निवासी ग्राम आगुर्ली तहसील बागली जिला देवास द्वारा अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी।



जिनके विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री एवं वाहन का बाजार मूल्य 70 हजार रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव , आबकारी आरक्षक अरविंद जिनवाल एवं वैशाली सोलंकी शमिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा कन्या विवाह व भंडारे के साथ होगी पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्रीमद भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ एवं निःशुल्क विवाह समारोह का आयोजन आज से शुरू होने जा रहा है। उक्त आयोजन की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। घनश्याम मोदी एवं रूख्मणि परमार ने बताया कि सामाजिक कार्यकर्ता दिलीप अग्रवाल एवं समस्त अग्रवाल परिवार होने वाले भागवत ज्ञान गंगा यज्ञ का शुभारंभ 25 दिसंबर को प्रातः 9 बजे कलश यात्रा एवं शोभायात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा की शुरुआत मोक्षदायिनी माँ क्षिप्रा तट पर पूजा अर्चना के साथ हुई। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा कथा स्थल पुराने पुल के पास, ज्योति कॉलोनी, क्षिप्रा पहुंचेगी। यात्रा में लगभग 8 से 10 हजार श्रद्धालु शामिल होने की अनुमान है। कथा 31 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 12 से सायं 4 बजे तक संत श्री मोहित नागर के श्रीमुख से होगी। कथा की पूर्णाहुति के दिन 62 जोड़ों का निःशुल्क विवाह होगा। उसी दिन प्रातः 10 से रात्रि 8 बजे तक महाप्रसादी (भंडारा) होगा।।



# क्रिसमस के रंग में रंगा सेन थॉम स्कूल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम पब्लिक स्कूल, बद्रीधाम नगर, देवास ने अपने परिसर में क्रिसमस समारोह मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इंदौर के मार थोमा स्कूल के वरिष्ठ प्राचार्य रेव टॉम्स निनान थे।उत्सव की शुरुआत यीशु मसीह के जन्म की थीम पर आधारित नृत्य और नाटक सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई। जीवंत सजावट, पालना और जन्म के दृश्य ने इसे सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कैरोल प्रस्तुति के बाद सांता क्लॉज के आगमन विद्यार्थियों के उत्साह को चरम पर पहुंचा दिया। फादर टॉम्स निनान ने छात्रों को क्रिसमस का वास्तविक अर्थ समझाकर ज्ञानवर्धन किया। धन्यवाद ज्ञापन शीला वर्गीस ने किया।

### जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन का जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन

# राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदन लाल कहार ने बताया कि प्रगति एथलेटिक क्लब द्वारा आयोजित 34 वी जिला स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पर रखा गया। जिसमें 400 से अधिक बालक बालिकाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट के साथ ही प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेरिट सर्टिफिकेट के साथ मेडल व नगद राशि प्रदान की गई। साथ में विजेता खिलाड़ियों का चयन भोपाल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष मनोज राजानी इंदौर से पधारे एन आई एस कोच राजेंद्र वर्मा, डॉ सुषमा अरोरा, सॉफ्टबॉल की विक्रम अवॉर्डी रागिनी चौहान, पार्षद अनुपम टोप्पो के मुख्य अतिथ्य मे पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत सचिव अनिल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, सहसचिव जितेंद्र गोस्वामी, भरत वर्मा, योगेश द्विवेदी, डॉ.अरुण कुशवंशी, सनी अकैडमी, जय हिंद अकैडमी एवं हिंद फौज के संचालकों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि मनोज राजानी ने अपने भाषण में कहा कि देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन 1991 से लगातार क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन करता रहा है। जिसमें कि 5 से 6 राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ भी सम्मिलित है और कई युवा साथी क्रॉस कंट्री दौड़ में स्थान प्राप्त कर आर्मी एवं पुलिस में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस क्लब की विशेषता रही है कि जो भी खिलाड़ी यहां पर आया है किसी न किसी अच्छी जगह पर कार्यरत है। साथ ही अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा क्लब के खिलाड़ियों को दी जाती है जिसके परिणाम स्वरूप आज इतनी बड़ी संख्या में क्रॉस कंट्री दौड़ में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए जो खिलाड़ी असफल हुए उन्हें आगे और मेहनत करने की एवं अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है- ओपन केटेगरी 10 किमी( पुरुष) प्रथम शिवन लाल अहिरवार, द्वितीय रोहित सोलंकी एवं तृतीय पप्पू चौहान। ओपन कैटेगरी 10 किमी ( महिला )प्रथम स्थान अनीता वसुनिया, द्वितीय स्थान लीला भंवरिया, तृतीय स्थान चंदा पांचाल, 20 वर्ष आयु वर्ग में (बालक) 8 किमी प्रथम स्थान राजू यादव, द्वितीय स्थान युवराज राठौर, प्रतिष्ठान राजपाल सिसोदिया। 20 वर्ष 8 किमी( बालिका) प्रथम स्थान तनु गावटिया, द्वितीय स्थान सलोनी मालवीय , तृतीय स्थान चंचल चौहान। 18 वर्ष आयु वर्ग में 6किमी (बालक) प्रथम स्थान विकास वर्मा, द्वितीय स्थान अरुण बाड़ोलिया, तृतीय स्थान अभिषेक प्रजापत। 18 वर्ष आयु वर्ग में 6 किमी (बालिका) इकरा अंसारी, द्वितीय स्थान दीपिका अग्रवाल, तृतीय स्थान रानू नवरंग। 16 वर्ष आयु वर्ग में 4किमी (बालक) प्रथम स्थान विश्वास परमार, द्वितीय स्थान प्रतीक पारस, तृतीय स्थान अरुण गोयल। 16 वर्ष आयु वर्ग में 4किमी( बालिका) प्रथम स्थान मुस्कान राजपूत, जिज्ञासा वर्मा भक्ति सोलसे रही। अध्यक्ष मदनलाल कहार द्वारा सभी विजेताओं का पुष्पमाला से स्वागत किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन भरत वर्मा ने किया एवं आभार अनिल श्रीवास्तव ने माना।

# संतान-मोह में अंधे होने से महाभारत होता हैः दुबे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

गीता से हमने क्या सीखा, विषय पर संस्कृत विद्यालय बागली एवं पं जीवन लाल अनिहोत्री समिति द्वारा वाग्योग चेतना पीठम्‌ आश्रम बागली मे आयोजित गीता जयन्ती महोत्सव मे राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षक पं ओमप्रकाश दुबे ने अपने विचार व्यक्त किए। गीता जयन्ती के अवसर पर आयोजित व्याख्यान मे भिंड से पधारे स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने श्रृद्धा को भगवत प्राप्ति का मुख्य साधन बताया। कार्यक्रम को अधिवक्ता प्रवीण चौधरी , संस्कृत शिक्षक पं सुनील दत्त जोशी , पं कनिष्क द्विवेदी , डा सुनील उपाध्याय संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य पं राकेश नागोरी ने संबोधित किया । प्रथम सत्र मे श्रीमद् भगवद्गीता का मूल पाठ विद्यालय के छात्रो द्वारा किया गया। छात्र पं कृष्णकांत शर्मा, पं सुधांशु शर्मा, पं ऋषि शर्मा, पं हरि ॐ शर्मा, पं वंश दुबे , पं माधव पंचोली ने गीता के विषय मे अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम मे बागली विधायक मुरली भँवरा, राजा राघवेन्द्र , महेशचन्द्र सोनी विशेष अतिथि के रुप मे सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन पं राकेश नागोरी ने किया एवं आभार पं ओमप्रकाश शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम मे कल्याणमल गुप्ता, प्रकाश व्यास, जगदीश राठौर, सत्यनारायण व्यास, गोपाल शर्मा, मुकेश शर्मा, मुरलीधर शर्मा, गुलाब पाटीदार आदि का सक्रिय सहयोग मिला।

एक दो साल नहीं 16 साल तक अटैचमेंट का एक मात्र उदाहरण है राजगढ़

# जिले से बाहर भोपाल तक हो गया अटैचमेंट, चरमराई जिले की स्वास्थ्य सेवाएं

## मिशन संचालक कई बार लगा चुके हैं सीएमएचओ को फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-राजगढ़




डॉक्टर्स की कमी से जूझ रहे जिले के स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर अटैचमेंट का खेल चल रहा है। विभागीय अधिकारियों से मिलीभगत के चलते सीएचसी, पीएचसी से लेकर जिला अस्पताल पर मूल तैनाती वाले डॉक्टरों ने खुद को महत्वपूर्ण स्थानों पर अटैच करा लिया है। ऐसे में गांव-देहात में स्वास्थ्य सेवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। सीएमएचओ ने भले ही डॉक्टर्स व कर्मचारियों का अटैचमेंट समाप्त कर मूल तैनाती पर जाने के आदेश दिया हो लेकिन जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी पीएचसी में डॉक्टर व कर्मचारी अटैचमेंट पर ही डयूटी करते नजर आ रहे हैं। चिकित्सकों के अटैचमेंट को लेकर मिशन संचालक द्वारा पूर्व में भी सीएमएचओ को कई बार फटकार लगाई गई है परंतु अटैचमेंट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। फिर चाहे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हो और डॉक्टर अटैचमेंट को ही अपनी मौज मस्ती का सफर मान रहे हैं।

### प्रदेश का एक मात्र जिला होगा जहां पर 15 साल से ज्यादा समय तक अटैचमेंट

*निश्चित तौर पर डॉक्टर्स के अटैचमेंट का उद्देश्य जिले के मरीजों को बेहतर सेवा प्रदान करना होगा। परंतु यह सिर्फ राजगढ़ जिला है जहां पर डॉक्टर्स की शर्तों पर अटैंचमेंट किया जाता है। तभी समझा जा सकता है कि खुजनेर जिन सर्जन की मूलपदस्थापना है वह पिछले 15 सालों से भी ज्यादा से राजगढ़ जिला मुख्यालय पर अटैचमेंट कर लाभ ले रहे हैं और खुजनेर के मरीजों को सर्जन का लाभ नहीं मिल पा रहा।*

सीएम ड्यूटी और एमरजेंसी ड्यूटी पर न रहने पर मिल चुके हैं कई बार नोटिस

## आखिरकार मूल तैनाती पर कब लौटेंगे डॉ कटारिया, अटैचमेंट में निकाले 15 साल!

खुजनेर स्वास्थ्य केंद्र में दस दिन पूर्व ही डॉक्टर की कमी के चलते दो युवा गवां चुके अपनी जान



जहां 23 डॉक्टर पहले से मौजूद वहीं अटैचमेंट
आयुक्त तक पहुंची शिकायत पर कार्रवाई अभी तक नहीं
मुख्यमंत्री दौरे पर वीआईपी ड्यूटी पर भी नहीं रहे ये मौजूद
रहें हैं अनुपस्थित

## समझिए डॉक्टर्स की पदस्थापना और वर्तमान कार्यस्थल

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ राजीव हरिऔध
**कहां है मुख्यालय** - राजगढ़
मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी - 30 किमी
**कहां रह रहे हैं और क्यों** - जिला क्षय अधिकारी बनने के बाद से लगभग 1 साल से ज्यादा हो गया परंतु खुजनेर से राजगढ़ शिफ्ट नहीं हो पाए। खुजनेर से ही अपडॉउन करते हैं और वहीं अपनी क्लीनिक भी चलाते हैं।

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ धर्मेन्द्र भदौरिया
**कहां है मुख्यालय** - राजगढ़
**मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी** - 45
**कहां रह रहे हैं और क्यों** - डॉ धर्मेन्द्र भदौरिया की मूलपदस्थापना राजगढ है परंतु 6 महिने से ज्यादा से निवास पचोर बना रखा है और वहां पर आयुष्मान क्लिनिक के नाम से अपना हॉस्पिटल चलाते हैं जिसको मान्यता के लिए आवेदन किया हुआ है उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने पहले भी डॉ धर्मेन्द्र भदौरिया को पचोर में अनाधिकृत हॉस्पिटल चलाते हुए समाचार प्रकाशित किया था।

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ स्वाती किरार
**कहां है मुख्यालय** - मलावर
मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी - 50 किमी
**कहां रह रहे हैं और क्यों** - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मलावर में पदस्थ होते हुए भी जिला मुख्यालय की मिलीभगत के चलते राजगढ़ अटैच कर रखा है जिसके चलते मलावर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पा रहा है।

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ राजेन्द्र कटारिया
**कहां है मुख्यालय** - खुजनेर
मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी - 30 किमी
**कहां रह रहे है और क्यों** - पिछले 15 सालों से ज्यादा हुए इनके राजगढ़ अटैचमेंट को। अपने आप में यह प्रदेश स्तर का पहला अटैचमेंट होगा जो इतने वर्षों तक चह रहा है। खुजनेर में सर्जन के रूप में मूलपदस्थपना हुई परंतु 15 सालों से ज्यादा हो गए राजगढ़ जिला मुख्यालय से अटैचमेंट खत्म होने का नाम ही नहीं लेता। उल्लेखनीय है कि पिछले 15 सालों में खुजनेर में कितने लोग सर्जन के अभाव में दम तोड चुके होंगें या इलाज के अभाव में दूसरे शहर भागने पर मजबूंर हुए होंगे। इस पर जिम्मेदारो का ध्यान क्यों नहीं गया।

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ विनीता पांडे
**कहां है मुख्यालय** - राजगढ़
**मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी** - 120 किमी दूर
**कहां रह रहे हैं और क्यों** - इनका मुख्यालय राजगढ़ जिला अस्पताल है परंतु यह भोपाल 1250 हॉस्पिटल में कार्य देख रही हैं। पिछले 2 सालों से मुख्यालय पर नहीं आकर भोपाल में ही सेवाएं दी जा रही है।

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ चर्चित मेहता
**कहां है मुख्यालय** - राजगढ़
मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी - 60 किमी
**कहां रह रहे हैं और क्यों** - पिछले 1 साल से डॉ चर्चित मेहता एमडी मेडिसिन है जिनकी आवश्यकता जिला मुख्यालय पर शायद ज्यादा रहती है परंतु अटैचमेंट के चलते वह अपनी पसंदीदा जगह नरसिंहगढ में स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं।

■ **नर्स का नाम** - टीना थॉमस
**कहां है मुख्यालय** - राजगढ़
मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी - 22 किमी
**कहां रह रहे हैं और क्यों** - ब्यावरा से नर्सिंग कॉलेज राजगढ़ के लिए अटैचमेंट हुआ और हालात यह है कि पिछले 16 महिनों से ज्यादा हुए नर्सिंग कॉलेज बंद है। बंद कॉलेज में कौन सा काम चल रहा है यह तो जिम्मेदारों को ही देखना होगा।

■ **डॉक्टर का नाम** - डॉ सुरेन्द्र मित्तल
**कहां है मुख्यालय** - खुजनेर
मुख्यालय से कार्यस्थल की दूरी - 30 किमी
**कहां रह रहे हैं और क्यों**- बीएमओ खुजनेर की कमान संभालने वाले डॉ सुरेन्द्र मित्तल का मुख्यालय खुजनेर होना चाहिए परंतु वह पिछले 8 महिनों से राजगढ से अपडॉउन कर अपनी नौकरी कर रहे है मतलब बीएमओ ही मुख्यालय पर मौजूद नहीं रहता।

### प्रयास करुंगी...

पता नहीं किस आधार पर पूर्व में इस तरह के अटैचमेंट किए गए हैं। आपके द्वारा संज्ञान में आया है। मैं अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसके बारे में अवगत कराकर इसको खत्म कराने का प्रयास करूंगी।

**डॉ किरण वाडिवा**, सीएमएचओ राजगढ़

### कार्रवाई की जाएगी

15 साल से ज्यादा का अटैचमेंट तो चिंताजनक है जबकि खुजनेर क्षेत्र वर्षो से सर्जन की कमी से जूझ रहा है। आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। निश्चित ही विभाग से जानकारी लेकर मूलपदस्थापना पर सेवाएं देने के लिए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अमरसिंह यादव**, विधायक राजगढ़

14 मूलभूत सुविधाओं की रखी मांग

## शास. महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तालाबंदी कर किया धरना प्रदर्शन



**मौके पर पहुंचे तहसीलदार, आश्वासन देकर खुलवाया ताला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय महाविद्यालयों के प्रोफेसरो और मिडिल, हाई स्कूल, इंटर कॉलेज के शिक्षकों की लापरवाही के मामलों की कार्यवाही में लचीलेपन के चलते आए दिन विद्यालयों, कॉलेजों में अनियमितताओं की खबरें आए दिन समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाती हैं। ऐसा ही मामला खिलचीपुर शासकीय महाविद्यालय का दिखाई दिया, जिसमें शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अमन व्यास के नेतृत्व में शासकीय महाविद्यालय में ताला जड़ कर अपनी 14 मांगों को लेकर धरने पर बैठे, तहसीलदार सोनू गुप्ता के आश्वासन पर छात्र-छात्राएं धरने से उठे।

### क्या हैं मुख्य मांगें

शासकीय महाविद्यालय की टूटी हुई टूटी हुई बाउंड्री वाल की रिपेयर करवाना, खेल परिसर का निर्माण कराना, जनभागीदारी से बैठने के लिये सीमेंटेड कुर्सियां बनवाना बालीवाल खेल परिसर बनवाना, पानी की साफ टंकी की साफ- सफाई 15 दिनों में करवाना, क्लासों में सीसीटीवी कैमरे लगवाना, वाय-फाय जोन चालू करवाना, लेट- बाद की रोजाना सफाई, प्रोफेसरों, प्राचार्य, आदि का समय पर नहीं आना और समय से पहले जाना आदि मांगे रखीं।

### देरी से आते प्रोफेसर, अब ऐसे में कैसे हो छात्र-छात्राओं की पढ़ाई

शिकायती आवेदन में छात्र-छात्राओं ने बताया कि यहां पर प्रोफेसर समय से नहीं आते और समय के पहले चले जाते हैं। यहां तक कि प्रिंसिपल भी समय पर नहीं आते। कुछ प्रोफेसर तो ऐसे हैं जो 150 किलोमीटर दूर से अप डाउन कर रहे हैं। अब ऐसे में कैसे हमारी पढ़ाई होगी हमारा भविष्य अंधकार में है।

### मांगें पूरी करेंगे...

सोमवार तक इनकी 9 मांगे पूरी करेंगे, बाकी में कुछ समय लगेगा।

**डीके सूर्यवंशी**
प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर।

### प्रतिवेदन भेजा जाएगा

इनकी 9 मांगे सोमवार तक पूरी करने की बात प्रिंसिपल ने कही है। एसडीएम के आदेश पर आया था, प्रतिवेदन कलेक्टर को भेजा जाएगा।

**सोनू गुप्ता**, तहसीलदार खिलचीपुर।

कथा के अंतिम दिवस बोले संत देवकीनंदन

## आपकी जिंदगी अकेले आप की नहीं हेलमेट अवश्य पहनें : संतश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



जिले के छापीहेड़ा में 17 दिसंबर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिवस व्यासपीठासीन संत देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि स्पीड कभी सही नहीं होती और मौत कभी कहकर नहीं आती। इसलिए जब भी बाइक चलाएं तो हेलमेट पहनकर ही चलाएं।

बाइक चलाने वाले प्रयास करें कि घरवालों को कभी दुःख का सामना न करना पड़े क्योंकि आपकी जिंदगी अकेले आप की ही नहीं है। उन्होंने कहा कि विष्व के बड़े-बड़े देशों में कभी रूल्स नहीं तोड़े जाते, लेकिन हमारे यहां रूल्स तोड़ना तो जैसे फेशन जैसा बन गया है। तेज रफ्तार हमेशा बुरी होती है। जिनको जल्दी होती है वे ही जल्दी काल के गाल में पहुंचते हैं, इसलिए कोई भी वाहन हो उसे धीरे चलाएं। महाराजश्री ने आगे कहा कि नशा करके कभी कोई वाहन न चलाएं। नशे में वाहन चलाने से न केवल हम अपनी जान जोखिम में डालते हैं बल्कि हम दूसरों की जान से भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

### वेबसीरीजों को बताया समाज का दुष्मन

अंतिम दिवस के पूर्व शुक्रवार को संतश्री ठाकुर ने फूहड़ता, अश्लीलताओं से भरी वेबसीरीजों को समाज और संस्कारों की दुष्मन बताया। इन सीरीजों से भारतीय संस्कृति, संस्कार एवं परंपराओं का दोहन हो रहा है। हमें इन्हें देखने से बचना चाहिए और बच्चों को भी इन्हें देखने से रोकना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को ऐसी वेबसीरीजों को पूरी तरह प्रतिबंधित कर देना चाहिए।

## गीता जयंती पर व्याख्यान माला का किया गया आयोजन



**सारंगपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर सारंगपुर में गीता जयंती के अवसर पर विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मान्यता है कि जिस दिन श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था उस दिन मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी थी, इसीलिए इस दिन को गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राकेश पांडे ने कहा कि गीता हिन्दू धर्म का पवित्र ग्रंथ है। इसके 18 अध्याय व 700 श्लोक में जीवन का सार सिमटा है। गीता में धर्म-कर्म से जुड़े उपदेश हैं, जो कुरुक्षेत्र युद्ध में कृष्ण ने अर्जुन को दिए थे। इसकी महत्ता इतनी है कि, यदि कोई गीता को स्पर्श कर ले तो वह झूठ नहीं बोलता है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि विष्णुप्रसाद जोशी थे तथा अध्यक्षता राधेश्याम माहेश्वरी ने की। कार्यक्रम में सभी अतिथियों द्वारा गीता स्वाध्याय भी किया गया। कार्यक्रम का समापन गीता आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

जेजे एक्ट के प्रावधानों की विस्तार से दी गई जानकारी

## बच्चों के हित व अधिकारों को लेकर कार्यशाला संपन्न



**राजगढ़।** बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम को लेकर शनिवार को जिला पंचायत सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महिल बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी सहित विशेष किशोर पुलिस ईकाई व अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना ने सभी प्रतिभागियों को बताया कि हमें बच्चों का सर्वोत्तम हित ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। उचित न्याय देखभाल एवं संरक्षण सभी बच्चों तक पहुंच पाए साथ ही प्रत्येक बच्चों को अपने अधिकारों के साथ ही जीवन को उज्जवलन बनाने का माहौल मिल सके। प्रशिक्षक विभांषु जोशी ने उक्त दोनों अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि इन अधिनियमों में विस्तारपूर्वक कानूनन जानकारी का विवरण दिया गया है। इनका मूल उद्धेष्य बालकों का संरक्षण, उचित देखभाल एवं एक ऐसे सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है जिसमें बच्चे अपने अधिकारों का उपयोग का बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। अंत में सहायक संचालक श्यामबाबू खरे ने सभी का आभार व्यक्त किया।



**खुजनेर।** पीएम के नेतृत्व में देशभर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीबों का जीवन बदलने वाली यात्रा है। शनिवार को खुजनेर मंडल के ग्राम कोलुखेड़ा में शामिल हुए नवनिर्वाचित विधायक अमरसिंह यादव।

विरोध प्रदर्शन...

## भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में पुतला दहन किया



**जीरापुर।** भाजयुमो ने पुतला दहन करते हुए कहा कि देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित विपक्षी सांसदों द्वारा मिलकर उड़ाये मजाक से पूरे देश में आक्रोश है। हम इनका विरोध करते हैं। भाजपा युवा मोर्चा के युवाओं ने इंदर चौराहे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी व कल्याण बनर्जी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। युवाओं ने नारेबाजी भी करते हुए कहा कि संवैधानिक पद की गरिमा का ध्यान राहुल गांधी द्वारा नहीं रखा गया। इस प्रकार की शर्मनाक हरकत राहुल गांधी और उनकी पार्टी के संस्कारों को बताती है। यह शर्मनाक है कि तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने भद्दे अंदाज में राज्यसभा के सभापति एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी और उसका वीडियो कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी ने वीडियो बनाते हुए हंस रहे थे। सभी युवाओं ने कहा कि इस शर्मनाक कर देने वाली घटना के लिए राहुल गांधी को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन में प्रमुख रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, बापूलाल दांगी, सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक नारायण सिंह

## 'पीएम व सीएम के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा मध्यप्रदेश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-कुरावर



विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को ब्यावरा विधानसभा के ग्राम चाठा और खानपुरा पंचायतों में आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में इन दोनों पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में ब्यावरा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक नारायण सिंह पवार शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि विधायक नारायण सिंह पंवार ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विभागों के अधिकारियों की समीक्षा कर उनसे चर्चा की।

ग्राम पंचायत के सचिव से केंद्र सरकार की योजना प्रदेश सरकार की योजना नीचे तक पहुंच रही है इसकी जानकारी उन्होंने अगर कोई हितग्राही योजनाओं से वंचित है तो मौके पर ही समाधान किया जा रहा है इस यात्रा के माध्यम से। गांव-गांव में केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं प्रधानमंत्री आवास पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान गोल्डन कार्ड, राशन कार्ड नल जल योजना लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित अन्य योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपी गई। कार्यक्रम में समापन के बाद समस्त हितग्राही औ ग्राम वासियों को शपथ भी दिलाई जा रही है। यात्रा में चल रहा है सभी विभागों के अधिकारियों को विधायक पवार ने निर्देशित भी किया कि यात्रा में आना ही आपका काम नहीं है ग्रामीण क्षेत्र में आपके विभागों की योजनाएं व्यवस्थित चल रही है या नहीं चल रही है इसकी भी जानकारी आपके द्वारा लेनी चाहिए। इस दौरान यात्रा में भाजपा नेता नारायणसिंह सलारियाखेड़ी, रामनारायण डांगी इंदर सिंह लववंशी भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी राजू यादव भाजपा नेता वीरेंद्र यादव राम भील भाजपा नेता बहादुर सोंधिया सोनू जाटव तहसीलदार आमले जनपद सीईओ इंदर सिंह वर्मा पटवारी श्रीनाथ पालीवाल पटवारी राधेश्याम अहिरवार आदि विभागों के अधिकारी यात्रा में शामिल रहे।

### हम आपके सेवक हैं हर समस्या का निराकरण होगा : विधायक शर्मा



**कुरावर।** शनिवार को समीप पत्र ग्राम जमुनिया गणेश एवं जमुनिया जोहर में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम जमुनिया गणेश एवं जमुनिया जोहर पहुंचे। जहां पर प्रशासनिक अमले के उपस्थिति में विधायक मोहन शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां हमारे वर्षों का सपना पूरा किया है। प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, एवं अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है वहीं प्रदेश सरकार ने आने को कल्याणकारी योजना चला कर महिला सशक्तिकरण की और कदम बढ़ाए हैं साथी उन्होंने ग्राम वासियों की स्वास्थ्य, बिजली एवं अन्य समस्याओं का निराकरण राजस्व स्वास्थ्य उद्यानिकी कृषि विभाग आदि प्रशासनिक गमले के उपस्थित अधिकारियों के साथ मिलकर उनसे चर्चा कर त्वरित समस्याओं का हल किया। इस अवसर पर उनके साथ गोपाल खत्री, कैलाश सागवालिया, रामस्वरूप मीणा गंगा प्रसाद चौधरी दिनेश दागी, सुनील मीणा बृजकिशोर मीणा आदि उपस्थित थे।